चालाक मछली

औरंगाबाद के करीब मछलीपुरा नाम का एक गाँव था। उस गाँव से थोड़ी दूर एक बहुत बड़ा तालाब था। गाँव के लोग खेती के अलावा मछली पकड़कर बेचने का व्यापार करते थे। उन लोगों में रहीम नाम का एक मछुआरा था। वह प्रतिदिन तालाब से मछली पकड़ता और शहर ले जाकर बेचता था। गाँव के लोग उसे बहुत ही कुशल मछुआरा मानते थे क्योंकि उसी के जाल में सबसे ज्यादा मछलियाँ फँसती थीं। रहीम को अपने इस कौशल पर बहुत बड़ा अभिमान था।

एक दिन रहीम दोपहर के बाद तालाब में मछलियाँ पकड़ने गया। उसने अपनी पत्नी से खाना बँधवा लिया और तालाब पर पहुँच गया। मछली पकड़ने के लिए उसने तालाब में अपना जाल बिछा दिया और आराम करने के लिए तालाब के किनारे लगे आम के पेड़ के नीचे जाकर लेट गया। वहाँ चल रही ठण्डी हवा ने अपना जादू दिखाया और रहीम को नींद आ गई। जैसे ही उसकी आँख खुली तब उसे एहसास हुआ कि तालाब में जाल डाले काफी लम्बा समय बीत चुका है। वह जल्दी से तालाब के पास पहुँचा और तालाब में पड़े हुए अपने जाल को तालाब के किनारे से बाहर की ओर खींचने लगा। आज उसे अपना जाल बहुत हल्का महसूस हो रहा था। वह बहुत ही आश्चर्यचकित था कि आज ऐसा क्या हुआ कि लगता है जाल में बहुत कम मछलियाँ फँसी हैं। जब जाल किनारे की ओर आया तो रहीम ने देखा उसमें उसे एक भी मछली दिखाई नहीं दी। वह बहुत ही दु:खी हो गया। जब उसकी नज़र जाल के किनारे फँसी एक सुनहरी छोटी-सी मछली की ओर गई तो वह बहुत हैरान हुआ।

जैसे ही उसने मछली को उस जाल से बाहर निकाला वैसे ही मछली ने उससे अपनी मधुर आवाज़ में कहा, रहीम तुम मुझे छोड़ दो, मैं भला तुम्हारे लिए किस काम की! रहीम ने मछली से कहा, तुम तो देखने में बहुत अच्छी हो और बोलना भी जानती हो। मैं जानता हूँ कि बाज़ार में तुम्हारे अच्छे दाम मिलेंगे। मैं तुम्हें नहीं छोड़ सकता। मछुआरे की बात सुनकर मछली बहुत उदास हो गई। उसने अपने मन में विचार किया कि अब रहीम के हाथों से बचने के लिए कुछ न कुछ दिमाग चलाना पड़ेगा।उसने रहीम से कहा, यदि तुम मुझे छोड़ दोगे तो मैं तुम्हें इसके बदले में बहुत सारा धन दिला सकती हूँ। यह सुनते ही रहीम के मन में कुछ लालच आ गया। वह बोला, बताओ तुम मुझे क्या दे सकती हो। मछली ने कहा कि अगर तुम मुझे छोड़ दोगे तो मैं तुम्हें तालाब में छिपे खजाने के बारे में बता सकती हूँ। यह सुनकर रहीम का मन उस खजाने की ओर चला गया। वह बोला, क्या तुम सच कह रही हो? क्या तुम मुझे खजाना दिला सकती हूँ? मछली समझ गई थी कि अब उसकी योजना काम कर रही है। उसने रहीम से कहा कि तुम मुझे तालाब के पश्चिमी किनारे पर उतार दो क्योंकि उसी के निकट खजाना छिपा हुआ है। रहीम ने लालच में आकर जैसे ही पश्चिमी किनारे पर मछली को छोड़ा, वह गोता लगाकर पानी की गहराई की ओर जाते हुए बोली, रहीम, क्या तुम वह कहावत भूल गए कि लालच बुरी बला है। मछली ने तालाब की गहराई की ओर तैरना शुरू कर दिया और रहीम अपना सिर पकड़कर तालाब के किनारे बैठ गया।

नींव केजरीवाल
कक्षा — नवमीं

मेरे पापा

मैं बचपन से ही अपने पिता जी से बहुत प्यार करती हूँ। मैं हमेशा उनके साथ रहने का प्रयास करती हूँ। वे जहाँ भी जाते, मैं उनके साथ चल देती। मैं उनके प्रति बहुत ही निष्ठावान थी। उनकी हर कही बात मेरे लिए पत्थर की लकीर होती थी। एक दिन की बात है जब मेरे पापा कहीं बाहर गए थे। शायद नाहरलागुन गए थे और उस समय मैं सो रही थी। जब मैं सो कर उठी तब मैंने अपने पापा को नहीं देखा। मैं हर तरफ पापा-पापा बुला रही थी। पापा के न मिलने पर मैं परेशान हो गई। अब मैं पापा को ढूँढते हुए बाहर निकल आयी। जब मेरी माँ को पता चला कि मैं घर के बाहर चली आयी हूँ तो वे बहुत परेशान हो गईं।

वे घर में काम करने वाले भैया पर चिल्लाने लगीं। उन्होंने उनसे पूछा कि मधु को घर से बाहर क्यों जाने दिया। माँ को चिल्लाता देख मेरे सभी पड़ोसी आ गए। जब सबको पता चला कि मैं घर से बाहर कहीं चली गईं हूँ तो सब लोग परेशान हो गए। सबने मुझे खोजने का निर्णय लिया। माँ और मेरे पड़ोसी मुझे खोजने निकल पड़े। मेरी माँ बहुत डरी हुई थी।

माँ को लग रहा था कि मुझे किसी गुंडे ने उठा लिया है। मैं सड़क पर पापा-पापा चिल्ला रही थी। अचानक एक पड़ोसी की नज़र मुझ पर पड़ी। वे ज़ोर से चिल्लाये। मधु बेटा! उनकी आवाज़ सुनकर मैं रुक गई। तब तक माँ मेरे पास आ गईं थी। उन्होंने मुझे रोते हुए अपने गले से लगा लिया। फिर मुझ पर खूब गुस्सा हुईं। मुझसे पूछा कि मैं बाहर कैसे आ गई। यहाँ तक अकेले कैसे आ गई। मैंने माँ को बताया कि जब सुबह उठी तो मैंने पापा को नहीं देखा। मैं पापा को खोजते-खोजते यहाँ तक चली आई। माँ ने मुझे अपने सीने से लगा लिया। वे बोली कि बेटा ऐसी गलती कभी मत करना। बाहर की दुनिया बहुत खराब है। अगर तुम्हें कुछ हो जाता तो हम कैसे जीते। लोग बच्चों की चोरी करके उन्हें बेच देते हैं। कुछ लोग तो बच्चों के माँ-बाप से पैसे लेने के बाद भी पकड़े जाने के डर से उन्हें मार देते हैं। इसलिए आज के बाद तुम कभी-भी अकेले घर से नहीं निकलना।

कार्पी बम
कक्षा -दसवीं

सिक्के के दो पहलू

एक बार एक कछुआ नदी के किनारे अपनी मस्ती में चल रहा था और कभी-कभी पीछे मुड़कर अपने पैरों के निशान देखकर खुश हो रहा था। इसी प्रकार वह धीरे-धीरे आगे बढ़ता है और अपने पैरों के निशान देखता हुआ और खुश होता कि वह कितने सुंदर पद चिह्न छोड़ता जा रहा है। थोड़ी देर बाद नदी से एक लहर आती है और उस कछुए के पैरों के सारे निशान मिटा देती है। यह देखकर कछुए को गुस्सा आ गया और उसने नदी की लहरों से कहा ऐ लहरों ! तुम तो मुझे अपना दोस्त मानती हो तो फिर क्यों मेरे सुंदर पैरों के निशानों को मिटा रही हो ? तुम कैसी दोस्त हो मेरी ? तब लहर ने जवाब दिया, वो देखो तुम्हारे पीछे मछुवारों का झुंड आ रहा है, जो तुम्हारे पैरों के निशान देखकर ही दूसरे कछुओं को पकड़ रहे हैं। दोस्त कहीं वो मछुआरे तुम को न पकड़ लें, इसीलिए मैं तुम्हारे पैरों के निशानों को मिटा रही हूँ। दोस्तों, इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हम कई बार अपने हितैषी/सहयोगियों की बातें समझ नहीं पाते हैं और अपनी सोच के अनुसार उसे गलत समझ लेते हैं। इसलिए साथियों हर सिक्के के दो पहलू होते हैं, इसलिए किसी के प्रति उसकी बातों को लेकर मन में बैर लाने से अच्छा है कि हम हर बात का सोच समझ कर मतलब निकालें और किसी से अपना रिश्ता न बिगाड़ें ।

शांभवी चौहान
कक्षा — सातवीं

मुझे अभी भी याद है।

वह एक खूबसूरत समय था जब हँसते मुस्कराते हुए अपने दादाजी के पास रहती थी। उनके साथ ही खाना, सोना, पढ़ना मोबाइल चलाना अच्छा लगता था। वे मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति थे। माँ-पिताजी जब भी मुझे डाँटते, वे हमेशा मेरा ही पक्ष लेकर उन्हें समझाते थे। मेरे निराश होने पर मुझे खूब हँसाते थे। आखिर मैं उनकी लाड़ली थी। वे मुझे बहुत प्यार करते थे। अगर मैं उनसे कुछ भी माँगती तो वे मुझे तुरंत ला कर देते थे। वे सिर्फ़ मेरा ही नहीं वरन पूरे परिवार का ध्यान रखते थे।

मैंने अपना पूरा बचपन उनके साथ बिताया है। जब मैं बड़ी हुई तब मुझे हॉस्टल में डाल दिया गया। तब से मैं उनसे दूर हो गई हूँ। वे समय-समय पर मेरे बारे में पूछते रहते हैं। मेरे दादाजी हर समय मेरी राह देखते हैं। आज मुझे कहते हुए बड़ा दुःख हो रहा है कि वे हमारे बीच नहीं है। उनकी याद में हम आज भी रोते हैं। अब उनका महत्त्व हमारे जीवन में और बढ़ गया है। परिवार के सभी लोग जो कभी-कभी दादा जी की बातों से असहमत होते थे। वे अब उन्हें सही बताते हैं।

आज उनकी दी हुई शिक्षाएँ हम सभी को बहुत काम आ रही हैं। मन होता है कि दादाजी बार-बार मेरे सामने आ जाएँ ताकि मैं उन्हें गले लगा सकूँ, उनसे बातें कर सकूँ। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वे इतनी जल्दी हमें छोड़ कर चले जाएँगे। हम सब उन्हें बहुत याद करते हैं। जब मैं किसी बूढ़े व्यक्ति को देखती हूँ तब मुझे उनकी याद आ जाती है। मैंने अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति दादाजी और नानाजी को खो दिया है। दोनों लोग मुझे अतिप्रिय थे। दोनों लोग जाते-जाते एक महत्वपूर्ण बात सीखा गए। हमें अधिक से अधिक समय अपने परिवार वालों के साथ बिताना चाहिए ताकि हमें बाद में पछतावा न हो। अब मैं अपना अधिकांश समय अपने परिवार के साथ बिताती हूँ।

अंत में मैं यह कहना चाहती हूँ कि हम सभी को अपने परिवार के साथ अधिक से अधिक समय बिताना चाहिए। किसी व्यक्ति का महत्त्व उसके जाने के बाद ही पता चलता है।

जाह्नवी बगारिया
कक्षा - दसवीं

नारी का जीवन में महत्त्व

हर नारी में माँ है, दुर्गा है, नारी में दुनिया सारी है ,
इज्जत करना नारी की, बिन नारी दुनिया अधूरी है।

ऐसा हमेशा ही कहा जाता है कि 'नारी ही नारी की सबसे बड़ी शत्रु है।' परंतु यह कथन पूर्णतया गलत है क्योंकि जब एक लड़की छोटी से धीरे-धीरे बड़ी होती है तो उसकी जीवन से जुड़ी बहुत सारी बातों को एक माँ ही समझाती है। एक पिता तो केवल ऊपर से ही समर्थन करते हैं। इस तरह से यहाँ पर एक नारी जो कि एक माँ के रूप में है, वही दूसरी नारी जो कि एक बेटी के रूप में उसके काम आती है। अगर और देखा जाए तो जब भी किसी नारी को कुछ समस्या आती है, तो वह अपने पिता, भाई, पति या किसी भी पुरुष को बताने से हिचकिचाती है। ऐसे समय में उसकी माँ, बहन या सहेली ही उसकी समस्या को समझती हैं और उस समस्या का समाधान करती हैं और उसके मन को एक भरोसा और तसल्ली देने का काम करती हैं। अगर यहाँ हम यह बात समझें तो कहा जा सकता है कि नारी ही नारी की सबसे बड़ी शत्रु नहीं बल्कि सबसे बड़ी मित्र है। लोग अक्सर सास और बहू के धारावाहिक को देखकर यह कल्पना कर लेते हैं कि सास - बहू के बीच का रिश्ता अच्छा नहीं होता या भाभी और ननद के बीच का रिश्ता बहुत झगड़ालू होता है परंतु यह बात बिलकुल भी सही नहीं है क्योंकि सास - बहू का रिश्ता भी एक माँ बेटी के रिश्ते की तरह से ही होता है। सास भी तो कभी एक बहू थी और वह भी एक नयी बहू के दु:ख- दर्द और उसकी भावनाओं को अच्छी तरह से समझती है। उसी तरह से भाभी और ननद के रिश्ते के बारे में यदि कहा जाए तो वह भी एक बहन या सहेली के रिश्ते की तरह ही होता है। ऐसा कहना तो बिलकुल ही गलत होगा कि नारी ही नारी की सबसे बड़ी शत्रु है।

हिमांशु गोयनका
कक्षा- नवमीं

बूझो तो जानें !!

एक फूल है काले रंग का, सिर पर सदा सुहाय।
तेज धूप में खिल-खिल जाता, पर छाया में मुरझाए।

पढ़ने में, लिखने में, दोनों में ही मैं आता काम;
कलम नहीं, कागज़ नहीं, बताओ क्या है मेरा नाम ?

दोस्त

एक बार की बात है। एक छोटे से गाँव में मीरा नाम की लड़की अपनी माँ के साथ कच्चे मकान में रहती थी। मीरा की माँ लोगों के कपड़े सिलकर और घरों में बर्तन माँजकर, मीरा को स्कूल में पढ़ाती थी। मीरा स्कूल में ध्यान देकर पढ़ती थी और सबकी मदद करती थी। मीरा अपनी माँ का बहुत ख्याल रखती थी और उनकी सब बातें सुनती थी। वह कभी किसी चीज़ के लिए ज़िद नहीं करती थी क्योंकि उसे घर की सारी परेशानियाँ पता थीं। मीरा की एक सहेली थी जिसका नाम खुशी था, जोकि पास वाले शहर में रहती थी। उसने मीरा को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित किया। खुशी के जन्मदिन का समय आ गया और मीरा अपनी माँ के साथ जन्मदिन पर पहनकर जाने वाले कपड़ों के बारे में चर्चा कर रही थी। जब मीरा जाने के लिए तैयार हो गई तब उसने अपनी सहेली को गिफ़्ट में एक कलम देने के लिए सोचा और वह बाज़ार से एक कलम लेकर आ गई और उसने बड़े प्यार से वह कलम अपनी सहेली को गिफ़्ट के रूप में दे दिया परंतु खुशी को मीरा का यह सस्ता गिफ़्ट अच्छा नहीं लग रहा था, तो उसने उसे बेमन से अपने स्कूल बैग में रख दिया और स्कूल चली गई । दूसरे दिन खुशी के स्कूल में कहानी लेखन प्रतियोगिता शुरू हुई और खुशी ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के विषय में सोचा और जब उसने लिखना शुरू किया तब अचानक उसकी कलम की स्याही खत्म हो गई। तभी उसे याद आया कि मीरा की दी हुई कलम तो उसके पास बैग में ही है। उसने उस कलम को निकालकर उससे फिर लिखना शुरू कर दिया। अंत में उसे इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला और तब उसे समझ में आया कि महँगे गिफ़्ट कभी भी काम नहीं आते। जो गिफ़्ट अच्छी भावना के साथ दोस्तों के द्वारा दिया जाता है, वही सबसे बड़ा गिफ़्ट होता है। खुशी अपने घर जाकर अपनी माँ को सारी बातें बताती है और यह तय करती है कि अब वह हमेशा अपने दोस्तों की इज्ज़त करेगी और उनका कभी तिरस्कार नहीं करेगी। यह बात जानकर खुशी की माँ बहुत खुश होती हैं और अपनी बेटी से कहती हैं कि आज उसने बहुत अच्छी बातें सीखीं हैं। केवल नाम खुशी होने से कुछ नहीं होता है, नाम के अनुरूप हमें सभी को खुशी देना भी चाहिए ताकि जीवन में वास्तविक खुशी आ सके। दोस्ती में कभी भी अमीरी और गरीबी नहीं देखनी चाहिए, बल्कि हमेशा अपने दोस्त की भावना को भी समझना चाहिए।

मानसूम
कक्षा - आठवीं

कविता
खंड

वर्षा रानी

शबाहत शब्बीर अंसारी
कक्षा — सातवीं

वर्षा रानी सबको भाती
हर मन को खुशियाँ दे जाती
मोर पंख फैलाकर नाचे
बादल ढोल बजाकर गाते।
घर पर चाय-पकौड़े बनते
मन में सुंदर सपने बुनते
दादा-दादी नाना-नानी सबसे
हम सब किस्से सुनते।
वर्षा के संग पवन सुहानी
पेड़ों में दिखती है जवानी
मन करता है नाचूँ-गाऊँ
बारिश में मैं धूम मचाऊँ।
वर्षा के संग चमकी बिजली
गुड़िया रानी धम से फिसली
कोयल ने भी तान सुनाई
वर्षा सब बच्चों को भाई।

हरे-भरे वृक्ष

श्रेया जैन
कक्षा - छठवीं

हे वृक्ष! तूने ही हमें सब कुछ दिया
बदले में हमसे केवल थोड़ा प्यार लिया
तूने ही साँसों के लिए ताज़ी हवा दी है
तूने ही घर के बाहर हरियाली की है।
तूने सदा हमको जीना सिखाया है
विपरीत हालातों में भी हँसकर दिखाया है
तेरे पत्तों की आवाज़ों ने संगीत सुनाया है
तेरे रंगीन फूलों ने घर आँगन महकाया है।
तेरे आँचल में पशु-पक्षियों ने बसेरे बनाए हैं
तेरे फलों के बीज़ों ने अनेक वृक्ष उगाए हैं
तुम्हें यहाँ देखकर पाँव खुद ही थम जाते हैं
तुम्हारी महानता के आगे शीश स्वयं झुक जाते हैं।



चिड़िया रानी

जिगनाशा बोरा
कक्षा — छठवीं

सुबह सबेरे घर की चौखट पर करती आवाज़
बच्चों के भोजन की खातिर वह फिरती बिंदास
यहाँ-वहाँ से दाना-दाना लेती रोज बटोर
बच्चे भी छोटी चिड़िया देख मचाते शोर।
सुंदर-सुंदर पंख सजीले खींचें अपनी ओर
चिड़िया के घर में करते हैं उसके बच्चे शोर
बच्चों के संग खेल खेलती उनको राग सिखाती
किससे डरना किससे मिलना वह सबको समझाती।
चिड़िया के आने जाने से घर में रौनक रहती
बच्चों के पालन के खातिर भरसक मेहनत करती
चिड़िया से सीखा है हमने हर पल मेहनत करना
कितनी भी हो कठिन चुनौती कभी न पीछे हटना।

आओ मिलकर चलें

यशश्री टिबरीवाल
कक्षा- ग्यारहवीं

आओ मिलकर हम हाथ बढ़ाएँ
सभी महामारी को नष्ट कराएँ ,
हौसला रखें खुद पर हम लोग
इस दुनिया को एक नई दिशा दिखाएँ ।

आओ मिलकर साथ चलें हम,
जो खो गईं हैं खुशियाँ हमारी
खा गई जिसे विकराल महामारी,
आओ मिलकर साथ चलें अब
आ गई अब खुशियों की बारी

आओ मिलकर एकता दिखाएँ
हम होंगे कामयाब ये सबको बताएँ,
एकता के सूत्र में हम बंधकर दिखाएँ
लड़कर संकट से, सबको बचाएँ

आओ मिलकर हम दीप जलाएँ
अपनी एकता का परिचय कराएँ,
महाशक्ति होने का बोध कराएँ
भारतीय होने का फर्ज़ निभाएँ ।

रिश्ते

आदित्य उपाध्याय
कक्षा — बारहवीं

रिश्ते ही तो हैं
जो सबको बाँधते हैं,
रिश्ते ही तो हैं
जिनसे हम सबको पहचानते हैं।
रिश्ते ही तो हैं
जो करीब लाते हैं,
रिश्ते ही तो हैं
जो दूरियाँ बनाते हैं।
रिश्ते ही तो हैं
जिनसे गैर भी अपने हो जाते हैं,
रिश्ते ही तो हैं
जिनसे अपने भी गैर हो जाते हैं,
रिश्ते ही तो हैं
जिन्हें बचाने को त्याग करना पड़ता है,
रिश्ते ही तो हैं
जिनके लिए दुनिया से लड़ना पड़ता है,
रिश्ते ही तो हैं
जो सम्मान दिलाते हैं,
रिश्ते ही तो हैं
जो अपमान करवाते हैं,
रिश्ते ही तो हैं
जिनमें विश्वास ज़रूरी है,
रिश्ते ही तो हैं
जिनके लिए त्याग ज़रूरी है,
जो इंसान रिश्तों की
अहमियत समझ जाता है,
वही इंसान रिश्तों को
दिल से निभाता है।

संभल जाएँ

ऋचा
कक्षा - ग्यारहवीं

कभी इन रास्तों पर
धूल उड़ा करती थी,
गाड़ियों की कतारें
शोर किया करती थीं,
जहाँ लोगों का शोर
कोलाहल मचाता था,
आज फैले सन्नाटे से
यहाँ मन घबराता है,
मन में गहरा चिंतन
उलझन बढ़ा रहा है,
खुशहाली का आलम
मुँह छिपा रहा है,
दुआ है ईश्वर से
यह स्थिति बदल जाए,
राह से भटके हुए हम
फिर से संभल जाएँ।

माँ भगवती हमें ज्ञान दे

अनिल कुमार यादव,
अध्यापक

सम्मान, स्वाभिमान दे,
माँ शारदे वरदान दे।
अर्जित करूँ धन,बुद्धि-बल
संचित करूँ सत्कर्म फल,
वंचित रहूँ अभिमान से
उत्कर्ष हो अभिज्ञान से
माँ भगवती हमें ज्ञान दे
माँ शारदे वरदान दे।
सम्मान स्वाभिमान दे
माँ शारदे वरदान दे।
खेतों में हरियाली रहे
चहुँ ओर खुशहाली रहे,
सरिता सलिल पूरित रहें
विषयुक्त ना वायु रहे।
भारत को नव उत्थान दे
माँ भगवती हमें ज्ञान दे
सम्मान, स्वाभिमान दे
माँ शारदे वरदान दे।

सब्जीवाला

आद्या रक्षित
कक्षा — सातवीं

ठेलेवाला सब्जी लेकर
घर-घर तक पहुँचाता
सब्जी ले लो, सब्जी ले लो
जोर-जोर चिल्लाता।
हरी-भरी सब्जियाँ सजाकर
सबका मन ललचाता
लाल टमाटर देख-देख कर
मुँह में पानी आता।
लाता है वह हरी तोरई
गाजर मूली लाता
बैंगन को वह बैंगुन कहता
पालक हरी दिखाता।
गली-गली में पैदल चलकर
हो जाता बदहाल
महँगाई से सब्जी का भी
आज हुआ बेहाल।
माँ कहती है सब्जी खाओ
सेहत ठीक बनाओ
सब्जी से मत बचो हमेशा
तन-मन स्वस्थ बनाओ।

धरती माँ करे पुकार

अनुष्का जितानी
कक्षा - दसवीं

धरती माँ कर रही पुकार,
अब बस करो अत्याचार
मत करो गोद सूनी मेरी,
लौटा दो वो मेरा प्यार।
छलनी हो रहे मेरे सीने में,
दे दो फिर से नई जान
मेरे ही आँचल में पलने वाले,
क्यों हो सच्चाई से अनजान।
माँ हूँ तेरी, कोई गैर नहीं,
जीवन हूँ तेरा कुछ और नहीं,
दिखती जो है थोड़ी-सी भी हरियाली,
हो जाएगी एक दिन धरती माँ की चादर काली।
खत्म हो जाएगा अंबर से पक्षियों का डेरा,
अपने प्रचण्ड पंख पसारे नभ में ,
तब फिरा लेगा रवि भी अपना बसेरा,
हमें जमीं से मत उखाड़ो रक्तस्राव से भींग गया हूँ,
रहम करो हम पर अब कुल्हाड़ी मत मारो।
इमारतों की सड़कों ने सारे,
जंगल के पेड़ पौधे निगल लिए,
फैक्ट्री कारखाने बनाकर हम समझे
हम सबसे आगे निकल गए।
ये कटते वृक्ष, ये सूखती नदियाँ,
ये सिमटते पर्वत, सूनी होती वादियाँ,
हरियाली और खुशियाँ, यूँ ही खत्म हो जाएँगे
एक वक्त बाद प्रकृति के सारे आँसू सूख जाएँगे।
यूँ ही बढ़ता रहा अगर,
पर्यावरण का विनाश,
तो हो जाएगा धरा से,
जीवन का सर्वनाश।
आओ हम लोगों में नवचेतना जगाए,
देकर नवजीवन प्रकृति को, इसका अस्तित्व बचाएँ।

मधुर बने संबंध से

अनन्या यादव
कक्षा - सातवीं

सम्बन्धों के इस जंगल में
तने वृक्ष से लोग खड़े हैं,
दिखते हैं सब निकट पड़ोसी
मिल ना पाते नियम कड़े हैं ।
स्वार्थ सिद्ध सब अपने में ही
कट जाते पर झुक ना पाते,
गिरे हुए पत्ते सम उड़ते
किन्तु प्यार के गीत ना गाते ।
जीवन की इस हरियाली में
क्यों सूखे को न्योता रहे हैं,
जड़ें जमीं में जमीं हुई हैं
इसको क्या सब भूल रहे हैं।
मधुर बने संबंध शहद से
और अबाधित अपनेपन की,
सरिता इक बहाने से जग में
प्यास बुझेगी सब जन जन की।

परेशान इंसान

चाँद कह रहा, सूरज कह रहा
यह देश भ्रष्टाचार क्यों सह रहा।
ऐसी हालत देखकर, भगवान हैरान है
नेता खुश हैं और जनता परेशान है।
अमावस-सा काला अँधेरा है,
दूर-दूर तक ना सवेरा है।
खुशी का तो नामोनिशान मिट गया
सच्चाई का तो किस्सा पिट गया।
सच बोलने से जी घबराता है,
झूठ ही मुँह से बाहर आता है।
ऐ भगवान सभी में इंसानियत तू ला दे,
पापियों के मन में सच्चाई तू जगा दे।
तभी इस संसार में रहना संभव हो पाएगा,
होगी परेशानी कम, चहुँ ओर खुशहाली छाएगी।

रास्ता खोजिए:

बिल्ली मछली खाना चाहती है, कृपया मछली तक पहुँचने का रास्ता ढूँढने में उसकी मदद करें !



मैं नारी हूँ

ओजस्वी अग्रवाल
कक्षा - ग्यारहवीं

मैं नारी हूँ, मैं नारी हूँ
मैं नव निर्माण की धुरी हूँ,
धरती पर सृजन करती हूँ
मुश्किल हालातों से लड़ती हूँ।
मैं नारी हूँ, मैं नारी हूँ
मैं पुरवायी, मैं ज्वाला हूँ
मैं वसुधा का रूप निराला हूँ,
मैं मोम हृदया, पर बलशाली हूँ
मैं नारी हूँ, मैं नारी हूँ
मैं शांति गीत, मैं रणभेरी
मैं गंगा जल, मैं कावेरी
मैं क्षमाशील, मैं दुःखहारी
मैं विघ्नों से कब हारी हूँ?
मैं नारी हूँ, मैं नारी हूँ
मैं गरिमा हूँ, मैं आभा हूँ
मैं लज्जा हूँ, मैं करुणा हूँ
मैं सृष्टि हूँ, संघारक हूँ
मैं नारी हूँ, मैं नारी हूँ

हँसना मना है !!

पिताजी – पढ़ेगा नहीं तो क्या करेगा...?
बेटा – बस चलाऊँगा, फिर आम के बाग ख़रीदूँगा।
बीबी को पढ़ाऊँगा, उसे कलेक्टर बनाऊँगा,
आपके नाम पर अस्पताल खोलूँगा॥
पिताजी ने चप्पल निकाली और बोले –
तूने आज फिर से सूर्यवंशम फ़िल्म देखी है...!!!

विभागीय गतिविधियाँ

कनिष्ठ-वर्ग व्यक्तिगत भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता

हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित व्यक्तिगत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन (ऑन लाइन) दिनांक 25 नवंबर 2021 को किया गया। जिसमें विद्यालय के जूनियर वर्ग के छात्र -छात्राओं ने अपनी सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में कुल 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 5 से ख्याति बोरा ने प्रथम, नयनिका बोरा ने द्वितीय तथा आन्वी घोष एवं जिगनाशा बोरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 6 से शांभवी चौहान प्रथम, अनन्या यादव ने द्वितीय तथा डेलिशा मोदगिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 से कल्याण भराली प्रथम, तनय पंसारी द्वितीय तथा जीवितेश अग्रवाला ने तृतीय तथा कक्षा 8 से शिरीन जायसवाल प्रथम, अहोना चौधरी द्वितीय तथा बबली कनवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कविता भावों की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। यह हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 5-3-2022 को जूनियर वर्ग व्यक्तिगत हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से ख्याति बोरा ने प्रथम, निशिका पटोदिया द्वितीय तथा आन्वी घोष ने तृतीय, कक्षा 6 से शबाहत शब्बीर अंसारी प्रथम, आद्रिका डे द्वितीय तथा डेलिशा मोदगिल ने तृतीय, कक्षा 7 से जीवितेश अग्रवाला प्रथम, सोहम अग्रवाल द्वितीय तथा हर्षवर्धन सिकरिया ने तृतीय, कक्षा 8 से अहोना चौधरी ने प्रथम, आदित्य अग्रवाल ने द्वितीय तथा शिरीन जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंतर सदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता-2022

इस वर्ष विद्यालय में कनिष्ठ वर्ग अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक किया गया। प्रतियोगिता संवर्धित कैम्ब्रिज फॉरमेट पर आधारित रही। जिसमें सदन समूह के कुल अंकों के आधार पर प्रतियोगिता के स्थानों का निर्धारण किया गया। प्रतियोगिता का फ़ाइनल जिनारी-मानस और सुभानसिरी-नैमडैंग में हुआ। जिसमें जिनारी-मानस ने विजय प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में उत्तम वक्ता के रूप में सुभानसिरी-नैमडैंग से स्वाधीन बनर्जी और विश्वसनीय वक्ता जिनारी-मानस से बबली कनवर रहीं। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में जिनारी-मानस प्रथम, सुभानसिरी- नैमडैंग द्वितीय, कोपिली-धनसिरी तृतीय और भोरोली-लोहित चतुर्थ स्थान पर रहे।

वरिष्ठ वर्ग अंतर सदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन संवर्धित कैम्ब्रिज फॉरमेट पर दिनांक 11 मई से 14 मई तक किया गया। जिसमें सदन समूहों के कुल अंकों के आधार पर प्रतियोगिता में विजेताओं का निर्णय किया गया। प्रतियोगिता के चतुर्थ चक्र (फ़ाइनल) में सदनीय अंकों के जोड़ के आधार पर कोपिली-धनसिरी और जिनारी-मानस पहुँचे। जिसमें जिनारी-मानस विजेता रहा। इस चक्र में उत्तम वक्ता राघव अग्रवाल और विश्वसनीय वक्ता अनुष्का जितानी रहीं। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में जिनारी-मानस प्रथम, कोपिली-धनसिरी द्वितीय, सुभानसिरी-नैमडैंग तृतीय और भोरोली-लोहित चतुर्थ स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अमित जुगरान जी ने विजेता सदन (जिनारी-मानस) को 'अटल ट्राफी' प्रदान की।

हिन्दी दिवस कार्यक्रम

हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक 14/9/22 तक विद्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । कक्षा 1 से लेकर 8 वीं तक की कक्षाओं में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कहानी वाचन, कविता पाठ, संवाद लेखन, फिल्म समीक्षा, गायन आदि प्रमुख रहा। छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

संजय कुमार दीक्षित
हिंदी विभागाध्यक्ष

छूकर मेरे मन को.....

आज जब कभी भी मैं अपनी दि असम वैली स्कूल की शैक्षणिक यात्रा के बारे में विचार करता हूँ तो मुझे याद आ जाता है कि मैंने वर्ष *2016* में इस विद्यालय में कक्षा *6* में प्रवेश लिया था। उस समय मुझे मानस सदन में रहने का सुअवसर दिया गया। श्रीमान शब्बीर अंसारी जी हमारे कनिष्ठ सदन के सदनाध्यक्ष थे। मेरे ट्यूटर श्रीमान चिन्मय जी थे। अंसारी जी हम सभी बच्चों को बहुत प्यार करते थे और खासकर नए बच्चों को अपने से जोड़कर रखते थे जिससे कि वे जल्दी ही विद्यालय के वातावरण के साथ खुद को मिला सकें। विद्यालय आने के कुछ दिनों तक मैं भी घर की बहुत याद करता रहा, समय-समय पर दु:खी हो जाता था लेकिन विद्यालय के हरे-भरे, आकर्षक और विशालकाय प्रांगण ने बहुत ही जल्दी मुझे अपना बना लिया। मेरे फूफा जी ने मेरे पिताजी को इस विद्यालय के बारे में बताया था और जब पिताजी ने विद्यालय के विषय में जानकारी जुटायी तो वे भी इसकी सुख-सुविधाएँ एवं बच्चों के विकास के अवसरों को जानकर मोहित हो गए थे।

जूनियर स्कूल में मैंने बहुत सारे मित्र बनाए। मुझे विद्यालय में पढ़ने, खेलने-कूदने और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के बाद समय का पता ही नहीं चलता था। सीनियर स्कूल में पहुँचने के बाद मित्रता मेरी पहचान बन गई और मित्र मेरे जीवन का अभिन्न अंग। क्रिस्तानू, सैरोन, लक्ष्य, युवराज और आर्यन मेरे अभिन्न मित्र बने जिनके साथ खुशी-खुशी मैं अपने सुख-दु:ख बाँटता हूँ जबकि मेरी कक्षा के अन्य सभी साथी भी मेरे बेहद करीब ही हैं। स्क्वॉश और घुड़सवारी कक्षा *6* तक मेरे प्रिय खेल थे जबकि आज मैं फुटबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन आदि सभी खेलों का जमकर आनंद लेता हूँ।

दि असम वैली स्कूल विद्यार्थियों के लिए सुनहरे अवसरों का भंडार है। मैंने भी विद्यालय में दिए जाने वाले इन अवसरों का लाभ उठाते हुए अंतर्विद्यालयीय, अंतर्सदनीय एवं आई.पी.एस.सी. समेत अनेक स्क्वॉश, बैडमिंटन, बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनेक पुरस्कार जीते और अपने विद्यालय के लिए नाम कमाया। आज विद्यालय में मेरी अपनी पहचान एक अच्छे और प्रतिभावान खिलाड़ी के रूप में है।

इन दिनों मैं पूरा ध्यान अपनी शिक्षा पर भी दे रहा हूँ जिससे आने वाले समय में मैं अच्छे अंक लाकर अपनी इच्छानुसार एक अच्छे कॉलेज का चुनाव कर सकूँ। मेरा विद्यालय भी समय-समय पर कैरियर संबंधी जानकारियाँ देकर इस काम में मेरी भरसक मदद कर रहा है। अन्य विद्यार्थियों की तरह मेरा समय भी विद्यालय में उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा लेकिन मैं उन सभी गुरुजनों और साथियों का धन्यवाद देना चाहूँगा कि जिनके सहयोग से मैं अपने आपको इस योग्य बना सकूँ कि हर स्थिति का निर्भीकतापूर्वक सामना कर सकूँ। मैं अपने छोटे साथियों को यह संदेश देना चाहता हूँ कि आप सभी को अपने सीनियर्स से खेल के हुनर और शैक्षणिक यात्रा के कौशल को सीखते हुए अपना सर्वांगीण विकास करना चाहिए। मैं यह भी चाहता हूँ कि जिस प्रकार मेरा विद्यालय मेरे साथियों को आगामी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर उन्हें एक ज़िम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में काम कर रहा है, वह कार्य अनवरत रूप से चलता रहे। अंत में मैं अपने सभी गुरुजनों, साथियों और माता-पिता को धन्यवाद देना चाहूँगा जिन्होंने सदैव ही मेरा मार्गदर्शन करते हुए मेरी सफलता की कामना की है।

कृष्णव कनोरिया
कक्षा — बारहवीं

"प्रतिभावान खिलाड़ी, हास्य-विनोद से परिपूर्ण, कुशल नेतृत्व एवं ज़िम्मेदारी के प्रति समर्पित तथा निष्ठावान विद्यार्थी।"
-डॉ. राजेश कुमार मिश्र, हिंदी अध्यापक

शिक्षा जीवन के समुचित विकास के लिए सबसे अचूक अस्त्र है। शिक्षा के द्वारा ही हम सच्चे अर्थों में इंसान कहलाने योग्य बनते हैं। यथोचित शिक्षा पाने के लिए इंसान न जाने कहाँ-कहाँ भटकता है और यह परम्परा आज की नहीं बल्कि सदियों पुरानी है। मेरा मानना है कि शिक्षा जहाँ से भी मिले उसे तत्काल ग्रहण कर लेना चाहिए। कक्षा *4* उत्तीर्ण कर लेने के बाद मेरे पिताजी ने मामा जी के कहने पर मेरा दाखिला दि असम वैली स्कूल में करा दिया। विद्यालय के शुरूआती दिनों में मैं बहुत ही घर के लगाव के कारण अनमना रहा लेकिन समय के साथ-साथ मैं विद्यालय के क्रियाकलापों में रमता चला गया। मेरे साथ ही मेरे दूर के एक मौसेरे भाई ने भी इस विद्यालय में प्रवेश लिया था परंतु वह अपने आप को यहाँ के वातावरण में ढाल ही न सका और घर के मोहजाल में फँसा रहा जिसके परिणामस्वरूप वह विद्यालय से चला गया। विद्यालय के शुरूआती दिनों में मुस्ताकुल नाम के मेरे साथी ने मुझे विद्यालय के साथ घुलने-मिलने में मेरी बहुत सहायता की।

विद्यालय में प्रवेश के समय मेरे सदन की सदनाध्यक्षा श्रीमती नवनीता कौर जस्सल थीं। कुछ ही दिनों बाद मैं भी विद्यालय की गतिविधियों में व्यस्त हो गया और घर के प्रति मेरी उत्सुकता कम होती चली गई। मेरे साथियों और गुरूजनों के असीम प्यार के कारण यह मुझे अपना दूसरा घर महसूस होने लगा। मैं इस बात का पूरा श्रेय अपने साथियों और विद्यालय को देना चाहूँगा जिन्होंने मुझे यथाशीघ्र अपने परिवार का एक अहम हिस्सा बना लिया। समय बीतने के साथ मेरे अनेक दोस्त बनते चले गए और मैंने भी अपने आपको भविष्य निर्माण के प्रति समर्पित कर दिया।

दि असम वैली स्कूल में आयोजित होने वाले अनेक खेलों में मैंने *2015* में क्रिकेट को चुना और इस खेल के मुख्य प्रबंधक श्रीमान राजेन्द्र सिंह चौहान जी के दिशा-निर्देशन एवं सहयोग से इस खेल में आगे ही बढ़ता गया। वर्ष *2016* में आयोजित अंतर-सदनीय क्रिकेट प्रतियोगिता में मैं एक ही ओवर में चार विकेट लेकर सबसे बेहतरीन गेंदबाज़ बनकर उभरा। इसके बाद मेरे सामने अनेक क्रिकेट प्रतियोगिताओं की झड़ी-सी लग गई। मैंने अंतर-सदनीय, अंतर-विद्यालयीय समेत आई.पी.एस.सी. जैसी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं इसके लिए अपने विद्यालय को ही धन्यवाद देना चाहूँगा कि जिसकी बदौलत मुझे मेरी कल्पनाओं से भी परे गुवाहाटी के वर्षापारा स्टेडियम में भी क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने का सुअवसर मिला। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत मैंने हिंदी नाटक मंच को चुना तथा स्थापना दिवस पर नाटक करने के साथ-साथ अनेक नुक्कड़ नाटकों में अभिनय करने के अलावा हिंदी नाटक को निर्देशित करने का अवसर प्राप्त हुआ।

मैं बहुत ही खुश हूँ कि मेरे विद्यालय ने मुझे वह सब कुछ दिया जो एक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए अपेक्षित है। मैं खेलकूद के साथ-साथ विद्यालय की रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाकर बहुत कुछ सीखा। कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में मैंने लगभग *93* प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मैं और मेरा परिवार विद्यालय के इस सहयोग एवं दिशा-निर्देशन के लिए हमेशा ऋणी रहेगा। मैं अपने विद्यालयीय अनुजों को यही कहना चाहता हूँ कि हमें जमकर विद्यालय के द्वारा दिए जाने वाले सुअवसरों का लाभ उठाकर अपना बहुमुखी विकास करना चाहिए। मैं ईश्वर से यही कामना करूँगा कि मेरा विद्यालय दिनोंदिन विकास की ओर बढ़कर अच्छे नागरिकों को तैयार करके देश के विकास में अपना योगदान देता रहे।

विनायक कण्डोई
कक्षा — बारहवीं (विद्यालय क्रिकेट कप्तान)

"सौम्यता से परिपूर्ण, भावुक, चिंतनशील, अनुशासित, कुशल खिलाड़ी, अन्वेषक, हँसमुख-विनोदी, आज्ञाकारी, सुशील, निष्ठावान, चरित्रवान एवं विवेकशील विद्यार्थी।"
-श्रीमान प्रेम कुमार सिंह, हिंदी अध्यापक

एक नए स्कूल की यात्रा शुरू करना कठिन हो सकता है लेकिन यह हम पर निर्भर करता है कि हम इसे कितनी खूबसूरती से एक अच्छा और निर्णायक मोड़ दे सकते हैं। मैंने भी अक्टूबर, *2021* में दि असम वैली स्कूल में प्रवेश लिया। आमतौर पर लोग जब किसी नई जगह पर जाते हैं तो कई तरह की भावनाओं को महसूस करते हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि मुझे बिल्कुल भी घबराहट नहीं हुई। शुरुआत में, मैं नए दोस्त बनाने और नई चीजें सीखने और नए अनुभवों का आनंद लेने के लिए बहुत उत्साहित थी। कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश लेने के कारण भले ही मैंने ए.वी.एस. में अधिक समय नहीं बिताया पर इतना अवश्य है कि पहली बार मैं इतने दिनों के लिए अपने घर और घरवालों से दूर हुई हूँ। आवासीय विद्यालय की सुंदरता यही है कि यहाँ आपकी मुलाकात देश के अलग-अलग क्षेत्रों से आए हुए विद्यार्थियों से होती है जो आपके व्यक्तित्व विकास में बहुत सहायक बनती है। मुझे भी यहाँ आकर चाहे-अनचाहे अनेक लोगों से बातें करनी पड़ीं जिसने मेरी वक्तव्य शैली में निखार किया और अनेक मित्र बनाने का सुअवसर दिया। मैंने अपने मित्रों से आवासीय विद्यालय में आने वाली चुनौतियों और उन चुनौतियों से निपटने के तरीके भी सीखे। मेरी आवश्यकताओं ने मुझे दूसरों से बातचीत करने तथा सहयोग लेने के लिए प्रेरित किया जिसके कारण मुझमें वाक्-कौशल का अभ्युदय हुआ। जब हम दूसरों से अपनी बात स्वीकार कराने के लिए अनेक यथोचित दलीलें देते हैं, उससे हमारे अंदर तर्क शक्ति का विकास होता है।

मैंने अपने छात्रावास के जीवन से, आवंटित समय के दौरान अपने गृहकार्य के प्रबंधन के लिए सीखने से लेकर पहली बार कपड़े धोने तक आत्म-निर्भरता सीखी और आत्म-निर्भरता से आत्मविश्वास का जन्म हुआ। मेरा मानना है कि मैं जिस प्रकार यहाँ अनेक प्रकार की ज़िम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हूँ, यही कर्मनिष्ठा मेरे आने वाले समय में मेरे लिए वरदान सिद्ध होगी।

मित्रता आवासीय संस्थान का सबसे बड़ा वरदान है। यहाँ रहकर हर विद्यार्थी मित्रता के अटूट बंधन में बँध जाता है और यही मित्रता आपके जीवन में एक अहम् भूमिका निभाती है। प्रवेश लेने से पहले मुझे मेरे संबंधियों और मित्रों ने यही बताया था कि ए.वी.एस. एक वंडरलैंड है जिसमें हर कदम पर एक नया रोमांच छिपा हुआ है। मैंने भी हमेशा यही कोशिश की है कि मैं यहाँ मिलने वाली समस्त संभावनाओं का भरपूर लाभ उठाकर अपने जीवन को सफल एवं लाभान्वित कर सकूँ। अंत में मैं यही कहना चाहूँगी कि ए.वी.एस. के सफ़र में आप जितने भी अवसरों का लाभ उठा सकें वह आपके आगामी भविष्य के लिए लाभप्रद होगा। मैं अपने गुरुजनों और मित्रों का उनके सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद देती हूँ। मैं आशा करती हूँ कि आने वाले समय में भी मेरा विद्यालय इसी प्रकार विद्यार्थियों को निखारने एवं उन्हें एक सुयोग्य नागारिक बनाने की दिशा में अपना यह प्रयास जारी रखेगा।

वर्षा गोयल
कक्षा - बारहवीं

"सौम्यतापूर्ण, प्रतिभाशाली, कर्मठ, साहसी, भावुक, आज्ञाकारिणी एवं कार्यकुशल होने के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता से युक्त विद्यार्थी।"
-श्रीमान संजय कुमार दीक्षित, हिंदी विभागाध्यक्ष

मेरे पिताजी ने उड़ीसा में रहने के बाद भी मेरे बड़े भाई की अच्छी शिक्षा के लिए संपूर्ण भारत के अच्छे से अच्छे विद्यालयों की खोजबीन करनी शुरू कर दी। काफी विचार-विमर्श के बाद उन्होंने भारत के उत्तर-पूर्व में स्थित दि असम वैली स्कूल का चुनाव किया क्योंकि इस आवासीय विद्यालय में उन्हें वे सारी खूबियाँ दिखाई दीं जो उन्हें मेरे भाई के सर्वांगीण विकास के लिए चाहिए थीं। वर्ष *2012* को उन्होंने मेरे बड़े भाई का दाखिला इस विद्यालय में करा दिया। मेरे भाई के इस विद्यालय में आने का एक और कारण भी था जिसे केवल हम लोग ही जानते हैं। मेरे पिताजी जी के वरिष्ठ सहपाठी इस विद्यालय के प्रधानाचार्य थे और उनसे प्रभावित होने के कारण ही मेरे बड़े भाई का इस विद्यालय में दाखिला कराया गया। कक्षा सातवीं में प्रवेश लेने के बाद उनका कुछ समय संघर्ष से भरा रहा और अच्छी तरह रच-बस जाने के बाद उन्होंने विद्यालय में अपनी मेहनत से एक खास पहचान बनाई। विद्यालय में उन्होंने एकेडमिक कैप्टन के रूप में अत्यंत सराहनीय कार्य करते हुए विद्यार्थियों में एक प्रशंसनीय स्थान प्राप्त किया।

बड़े भाई के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास को देखकर पिताजी ने मुझे भी कक्षा सातवीं में इसी विद्यालय में दाखिला दिला दिया। सभी शिक्षकों में मेरे भाई के लिए बेहद सम्मान दिखाई दिया जिसके कारण मुझ पर भी अच्छा बनने का दबाव हमेशा बना रहा। अंततः मैंने भी दिन-रात मेहनत करके विद्यालय में अपना अलग स्थान बनाया। शिक्षा के प्रति मेरी रुचि देखकर मुझे भी विद्यालय ने एकेडमिक कैप्टन के रूप में कार्य करने का अवसर दिया जिसे मैंने पूर्ण लगन एवं निष्ठा के साथ संपन्न किया। जैसे-जैसे विद्यालय से मेरे जाने का समय निकट आ रहा है वैसे-वैसे मैं बहुत अधिक भाव-विभोर होने का अनुभव कर रहा हूँ। विद्यालय ने मुझे अपने व्यक्तित्व विकास के लिए हर सुविधा प्रदान की है जिसके कारण ही मैं अपने आपको आज अधिक विश्वास से भरा महसूस कर रहा हूँ। मैं यही कामना करता हूँ कि मेरा विद्यालय दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार उन्नति की ओर अग्रसर होता रहे।

श्रीवंश अग्रवाल
कक्षा — बारहवीं

"प्रतिभावान, चरित्रवान, कार्यकुशल, चिंतनशील, विश्वसनीय, कर्मठ, सौम्यता से अभिभूत एवं कनिष्ठ-वर्ग के विद्यार्थियों का मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत।"
-श्रीमान अनिल कुमार यादव, हिंदी अध्यापक

नीचे दिए गए चित्रों में अंतर खोजिए :



बूझो तो जानें

- एक छोटा सा बंदर, जो चले पानी के अंदर।

- बीमार नहीं रहती, फिर भी खाती हूँ गोली।
  बच्चे, बूढ़े डर जाते हैं, सुनकर इसकी बोली।

- थल में पकड़े पैर तुम्हारे, जल में पकड़े हाथ,
  मुर्दा होकर भी रहता है, जिंदों के ही साथ।

- एक नारी के दो बालक, दोनों एक ही रंग,
  पहला चले, दूसरा सोवे, फिर भी दोनों संग।

- गर्मी में जिससे हैं हम घबराते, जाड़े में हैं हम उसी को खाते,
  उससे है प्रत्येक चीज चमकती, दुनिया उससे खूब दमकती।

- सोने को पलंग नहीं, न ही महल बनाए,
  एक रुपैया पास नहीं, फिर भी राजा कहलाए।

- एक साथ आए दो भाई, बिन उनके दूर शहनाई,
  पीटो तब वह देते संगत, फिर आए महफ़िल में रंगत ?

- रोज शाम को आती हूँ, मैं रोज सवेरे जाती हूँ,
  नींद ना मुझको कभी समझना, यद्यपि तुम्हें सुलाती हूँ।

संपादक मण्डल

प्रधान संपादक	: आदित्य कुमार उपाध्याय
सहायक संपादिका	: अवन्या जसरासरिया
सहायक संपादक	: विनायक कुमार कण्डोई
सहायक संपादिका	: ध्वनि देवरा
चित्रांकन	: आदित्य राज सरकार
मार्गदर्शक	: हिंदी विभाग
प्रकाशन सहायता सामग्री	: कैन्वा डॉट कॉम

ষষ্ঠদশ সংখ্যা

জাগৰণ



জাগৰণ -২০২২

জাগৰণ

বার্ষিক পত্রিকা-২০২২

প্রকাশক

দ্য অসম ভেলী স্কুল

পৰিকল্পনা

অসমীয়া বিভাগ

সম্পাদনা

কৃতার্থ কৌশিক

আত্রেয়ী নেওগ

তত্বাৱধায়িকা

ড° পৰিণীতা গোস্বামী

প্রার্থনা বৰা ফুকন

সূচীপত্র

শিৰোণাম	পৃষ্ঠা সংখ্যা
১) ঋতু	১
২) আপদীয়া পদ্য	১
৩) পাহাৰৰ সিপাৰৰ মোৰ মনৰ বন্ধুজন	২
৪) অসমীয়া কৃষ্টি–সংস্কৃতি	৩
৫) পূজাৰ অনুভৱ	৪
৬) গৰমৰ বন্ধ	৫
৭) পখিলা	৫
৮) অবুজন মই	৬
৯) মিৰি জীয়ৰী	৭
১০) শ্বিলঙলৈ গৈছিলো	৭
১১) ৰেলযাত্রা	৮
১২) শৰত কাল	৮
১২) মোৰ এখন প্রিয় গ্রন্থ	৯
১৩) এটা স্মৰণীয় দিন	১০
১৪) অনুভৱ	১১
১৫) চাকৰি	১২

ঋতু

তাচমিন য়ুছৰা আহমেদ
দশম শ্ৰেণী

হীন দেৰি নকৰে ঋতুৱে
খিৰিকিৰ কাষত
সময়মতেই আহি ৰৈ থাকে
কোমল সেউজ পাত।
বৰষুণৰ ৰিমজিম
জুৰ মলয়া
নিয়ৰৰ টোপাল
সকলো ঋতুক যেন সামৰি ৰাখিম।
গুলপীয়া ডাৱৰবোৰ যেন
আজুৰি আনি সাঁচি ৰাখিম
ঋতু সময়ৰো
ঋতু জীৱনৰো
সলনি হয় ঋতু
নতুন সাজেৰে
নতুন সাহেৰে।

আপদীয়া পদ্য

প্ৰাঞ্জল শইকীয়া
শিক্ষক, (সংগীত বিভাগ)

(১)
চুলিৰ আগত জীৱ লৈ যাৱনো কলৈ,ভাৰি
চাবি মা-দেউতা আছে তোলৈ ৰৈ
নকৰিবি বেছি খৰধৰ
জীৱনটো উপভোগ কৰ।
এবাৰ হেৰালে নাপাবি চিৰদিনলৈ

(২)
দূৰন্ত গতিবেগ তঁহতৰ ৰুধিব কোনে ?
তঁহতৰ ব্যৱহাৰ সকলোৱে জানে
